भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1367**

जिसका उत्तर 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण,1945 (शक) को दिया गया

**स्वास्थ्य बीमा योजनाएं**

1367. श्री विजय कुमार उर्फ विजय वसंत:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में केवल वरिष्ठ नागरिकों हेतु चल रही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में बहुत कम वरिष्ठ नागरिकों का ही स्वास्थ्य बीमा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों की स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अंतर्गत शामिल वरिष्ठ नागरिकों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रतिशत कितना है; और

(घ) सरकार द्वारा देश के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करने के लिए अन्य कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

**(क):** स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनियों सहित साधारण बीमा कंपनियां पॉलिसी के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों/वर्गों के लिए विभिन्न बीमा उत्पाद प्रदान करती हैं। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) में पंजीकृत बीमा कंपनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले बीमा उत्पादों के ब्यौरे की विस्तृत सूची जिसमें विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किए जाने वाले स्वास्थ्य बीमा उत्पाद शामिल है **अनुबंध-I** में दी गयी है।

**(ख) और (ग):** इरडाई द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए दी गई सूचना के अनुसार कवर किए गए जीवन की कुल संख्या की तुलना में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में कवर किए गए वरिष्ठ नागरिकों की प्रतिशतता को दर्शाने वाले राज्य/संघ राज्य क्षेत्र – वार आंकड़े को **अनुबंध-II** में दिया गया है।

**(घ):** आयुष्मान भारत- प्रधान मंत्री जन आरोगय योजना (एबी-पीएमजेएवाई) और विभिन्न राज्य प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा लाभ भी प्रदान किया जाता है। एबी-पीएमजेएवाई भारत सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की साझेदारी से लागू किया जाता है। इस योजना में 12 करोड़ लाभार्थी परिवारों के लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती होने पर द्वितीयक और तृतीयक देखभाल हेतु प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवरेज प्रदान किया गया है। एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगभग 6.14 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए है और अस्पताल में भर्ती होने के 1 करोड़ से अधिक मामले को प्राधिकृत किया गया है।

इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र का विनियामक इरडाई ने बीमा कंपनियों को यह अधिदेश दिया है कि बीमा कंपनियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किए गए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के लिए प्रभारित प्रीमियम युक्तिसंगत, न्यायोचित, पारदर्शी हो और इसे आरंभ में ही समुचित रुप से दर्शाया जाए। इसमें यह भी निर्धारित किया गया है कि बीमा कंपनी और टीपीए वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा संबंधी दावों और शिकायतों का समाधान करने के लिए अलग चैनल स्थापित करेंगे। बीमा कंपनियों को विभिन्न समूहों जैसे विनिर्दिष्ट आयु या लिंग या विभिन्न आयु समूह के लिए स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

***

**दिनांक 11.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1367 के भाग (क) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध- I**

| **अनुबंध-I: विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध वाणिज्यिक स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की विस्तृत सूची** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **बीमाकर्ता** | **उत्पाद का नाम** | **व्यवसाय स्वरूप (स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति/ स्वास्थ्य लाभ आधारित/ पीए / घरेलू यात्रा/ विदेश यात्रा)** |
| 1 | स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | वरिष्ठ नागरिक रेड कार्पेट स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 2 | यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 3 | यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | सीएससी - वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 4 | यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | पीओएस - वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 5 | न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | वरिष्ठ नागरिक मेडिक्लेम पॉलिसी-प्रवेश आयु (60-80 वर्ष) | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 6 | न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | न्यू इंडिया साठ प्लस मेडिक्लेम पॉलिसी प्रवेश आयु (60-80 वर्ष) | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 7 | न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | वनहेल्थ सीनियर | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 8 | मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | वनहेल्थ सीनियर | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 9 | टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड | टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स स्मार्ट हेल्थ शील्ड प्लान | लाभ आधारित |
| 10 | आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | गोल्डन शील्ड | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 11 | नेशनल इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड | राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक मेडिक्लेम पॉलिसी | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 12 | निवा बूपा हेल्थ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड | सीनियर फर्स्ट | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 13 | फ्यूचर जनराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | फ्यूचर वरिष्ठ बीमा | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 14 | बजाज आलियांज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | सिल्वर हेल्थ | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |
| 15 | एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड | ऑप्टिमा सीनियर | स्वास्थ्य क्षतिपूर्ति |

स्रोत: आईआरडीएआई

**दिनांक 11.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1367 के भाग (ख) और भाग (ग) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध- II**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | कवर किए गए जीवन की कुल संख्या (खुदरा) | वरिष्ठ नागरिक जीवन कवर | वरिष्ठ नागरिकों की प्रतिशतता (%) |
|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8,278 | 228 | 2.75% |
| आंध्र प्रदेश | 28,25,376 | 1,17,016 | 4.14% |
| अरुणाचल प्रदेश | 17,861 | 284 | 1.59% |
| असम | 10,21,071 | 30,015 | 2.94% |
| बिहार | 59,17,754 | 63,325 | 1.07% |
| चंडीगढ़ | 4,79,608 | 34,867 | 7.27% |
| छत्तीसगढ़ | 7,03,103 | 30,219 | 4.30% |
| दादरा और नगर हवेली | 77,909 | 2,920 | 3.75% |
| दमन और दीव | 31,604 | 707 | 2.24% |
| दिल्ली | 96,99,674 | 6,89,795 | 7.11% |
| गोवा | 2,17,377 | 14,640 | 6.73% |
| गुजरात | 75,40,313 | 4,26,119 | 5.65% |
| हरियाणा | 85,40,317 | 3,76,524 | 4.41% |
| हिमाचल प्रदेश | 2,76,351 | 20,545 | 7.43% |
| जम्मू और कश्मीर | 1,61,023 | 9,365 | 5.82% |
| झारखंड | 11,74,733 | 51,556 | 4.39% |
| कर्नाटक | 1,83,43,043 | 13,59,898 | 7.41% |
| केरल | 54,60,481 | 4,50,603 | 8.25% |
| लद्दाख | 1,298 | 40 | 3.08% |
| लक्षद्वीप | 552 | 14 | 2.54% |
| मध्य प्रदेश | 36,01,474 | 1,17,163 | 3.25% |
| महाराष्ट्र | 4,64,79,752 | 37,44,924 | 8.06% |
| मणिपुर | 45,779 | 661 | 1.44% |
| मेघालय | 27,325 | 672 | 2.46% |
| मिजोरम | 6,332 | 106 | 1.67% |
| नागालैंड | 12,118 | 368 | 3.04% |
| ओडिशा | 25,94,746 | 1,03,257 | 3.98% |
| पुदुचेरी | 1,56,951 | 8,875 | 5.65% |
| पंजाब | 27,65,134 | 1,06,332 | 3.85% |
| राजस्थान | 31,25,163 | 96,607 | 3.09% |
| सिक्किम | 69,234 | 5,006 | 7.23% |
| तमिलनाडु | 1,58,04,666 | 10,99,747 | 6.96% |
| तेलंगाना | 95,41,120 | 6,46,671 | 6.78% |
| त्रिपुरा | 88,308 | 2,753 | 3.12% |
| उत्तर प्रदेश | 90,30,641 | 3,84,087 | 4.25% |
| उत्तराखंड | 8,23,115 | 33,481 | 4.07% |
| पश्चिम बंगाल | 69,48,277 | 4,92,900 | 7.09% |
| अन्य | 1,65,12,291 | 5,30,446 | 3.21% |
| **कुल योग** | 18,01,30,152 | 1,10,52,736 | 6.14% |

स्रोत: आईआरडीएआई

****